NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

सत्यमेव जयते
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

न्यूमोकोकल कॉन्ज्यूगेट वैक्सीन (PCV) के बारे में तथ्य

1. भारत सरकार के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) में एक नई वैक्सीन, PCV को शामिल किया गया है। इससे आपके बच्चे को न्यूमोनिया तथा दिमागी इन्फेक्शन से सुरक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी, जो न्यूमोकोकस बैक्टीरिया द्वारा होने वाली बीमारिया हैं।

2. न्यूमोकोकल बीमारी से बच्चों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है तथा उनकी मृत्यु भी हो सकती है। इससे आपके परिवार पर भारी आर्थिक बोझ भी आ सकता है।

3. न्यूमोनिया 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण है जो कई कारणों से हो सकता है। न्यूमोकोकस, बॅक्टीरिया से होने वाले न्यूमोनिया का मुख्या कारण है।

4. PCV, 5 साल से कम उम्र के बच्चों में न्यूमोनिया के प्रमुख कारण न्यूमोकोकल न्यूमोनिया से सुरक्षा प्रदान करने का कारगर माध्यम है।

5. PCV को देश भर में नियमित टीकाकरण के तहत निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

आपको क्या करना चाहिए?

अपने बच्चे को PCV के 3 टीके – पहला टीका 1.5 महीने पर, दूसरा टीका 3.5 महीने पर और बूस्टर टीका 9 महीने पर लगवाएं। सर्वाधिक सुरक्षा के लिए सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे की PCV की कोई भी खुराक नहीं छूटे।

PCV एक सुरक्षित वैक्सीन है। अन्य वैक्सीन की तरह ही, इससे भी आपके बच्चे को टीकाकरण के बाद हल्का बुखार या टीका देने के स्थान पर लालीपन हो सकता है।

जब आपके बच्चे को PCV दी जाएगी, तो अन्य निर्धारित वैक्सीन भी साथ में दी जाएंगी। यह प्रमाणित हो चुका है कि एक ही समय में कई टीके दिए जाना, बच्चों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और प्रभावी है।

न्यूमोकोकल कॉन्ज्यूगेट वैक्सीन (PCV) की अधिक जानकारी के लिए अपनी आशा या एएनएम से संपर्क करें।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

समझदारी दिखाएँ!
अपने बच्चे का
सम्पूर्ण टीकाकरण करवाएं

हम कोविड अनुरूप व्यवहारों को अपनाएंगे, देश को कोरोना मुक्त बनाएंगे



मास्क पहनें

नियमित रूप से अपने हाथ धोएं

दूसरों से उचित दूरी बना कर रखें

भीड़-भाड़ से बचें

कोविड-19 राष्ट्रीय सहायता नंबर: 1075 (टोल फ्री)

कोविड-19 राज्य सहायता नंबर: